(प्रपत्र–6)

कार्य का नाम:– जनपद उत्तरकाशी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत गुन्दियाड गांव रामा मोटर मार्ग किमी0 1.00 से स्यालुका मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

(लम्बाई–7.750किमी0)

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 21/07/2016 को प्रश्नगत प्रयोजना के लिए वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री जैंती प्रसाद बिजलवाण वन बीट अधिकारी, श्री मातबर सिंह रावत वन दरोगा एवं राजस्व विभाग की ओर से राजस्व उप निरीक्षक/पटवारी प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री छज्जू राम शर्मा अमीन, अवर अभियन्ता श्री प्रसन्न पाल सिंह के द्वारा उपरोक्त परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ समरेंखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक समरेंखण के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक अवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता की दृष्टि से जो समरेंखण सर्वथा उपयुक्त पाया गया है जिसमें 9.00 मी0 चौडाई एंव 1270 मी0 लम्बाई में नाप भूमि, 7 मी0 चौडाई 720 मी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि तथा 7 मी0 चौडाई 5760 मी0 लम्बाई में आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। इस समरेंखण के चयन में कुल 1.1430 है0 नाप भूमि, 0.5040 है0 सिविल सोयम भूमि तथा 4.0320 है0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिसमें से कुल 4.5360 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस चुने गये समरेंखण पर 7.00 मी0 चौडाई में वृक्षों की गणना की गई जिसमें विभिन्न प्रजातियों के 132 वृक्ष सिविल सोयम, 1110 वृक्ष आरक्षित वन भूमि (कुल 1242 वृक्ष) परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। जिसमें बांज प्रजति के 188 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं।

इस समरेंखण की तुलना में जो वैकल्पिक समरेंखण देखा गया उसमें 9.00 मी0 चौडाई एंव 1250 मी0 लम्बाई में नाप भूमि, 7 मी0 चौडाई 750 मी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि तथा 7 मी0 चौडाई 6000 मी0 लम्बाई में आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। इस समरेंखण के चयन में कुल 1.1250 है0 नाप भूमि, 0.5250 है0 सिविल सोयम भूमि तथा 4.200 है0 आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। जिसमें से कुल 4.7250 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस चुने गये समरेंखण पर विभिन्न प्रजातियों के 7 मी0 चौडाई में कुल 1380 वृक्ष परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। जिसमे बांज प्रजति के 230 वृक्ष प्रभावित होगें।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या–प्रथम के वनभूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एंव उपयुक्त भूमि उपलब्ध नही है तथा इस चुने गये समरेंखण में वनभूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त समरेंखण वन ~~रवांमार~~ पुरोला रेंज के वन बीट से गुजरता है। इस कक्ष की वर्तमान वन आच्छादन ............. है एंव इस कक्ष में विभिन्न प्रजाति के वन है। प्रभावित होने वाले सिविल एंव आरक्षित भूमि पर चीड, बांज, बुरांस, कैल, कुकाट आदि प्रजाति के वृक्ष प्रभावित हो रहें है।

चुने गये समरेंखण का प्रारम्भ होने का स्थल का GPS का मान $78^0 7'56.895''$E, $30^0 56'21.078''$N से प्रारम्भ होता है तथा समरेंखण का अन्तिम बिन्दू डोखरियाणी गांव में जिसका GPS का मान $78^0 9'10.007''$E, $30^0 56.5.815''$N है। चुने गये समरेंखण के बीच के स्थल का GPS मान $78^0 9'26.682''$E, $30^0 57'2.403''$N है।

चयनित समरेंखण में कुल ..... पौधों को अन्य स्थान पर स्थान्तरित किया जाना आवश्यक होगा।

चयनित समरेंखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यिारण का हिस्सा नही हैं।

चयनित समरेंखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा।

इस समरेंखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु मक डिस्पोजल स्थल उपयुक्त पाये गये जिनका का GPS मान डिजिटल गूगल मानचित्र में दर्शाये गये हैं।

अतः उक्त संयुक्त निरीक्षण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेसित है।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/– (प्रयोक्ता एजेन्सी) Assistant Engineer PMGSY ID Purola Uttarkashi | ह0/– राजस्व विभाग प्रतिनिधि | ह0/– वन विभाग प्रतिनिधि वन क्षेत्राधिकारी पुरोला रेंज |

| | | | |
|---|---|---|---|
| वनक्षेत्राधिकारी पुरोला रेंज | तहसीलदार पुरोला (तहसीलदार पुरोला।) | उपजिलाधिकारी पुरोला (उप जिलाधिकारी पुरोला) | उप–प्रभागीय वनाधिकारी पुरोला (उप प्रभागीय वनाधिकारी टौंस वन प्रभाग, पुरोला) |

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
टौंस वन प्रभाग पुरोला
(उप वन संरक्षक टौंस वन प्रभाग, पुरोला)

प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी
उत्तरकाशी